सुसमाचारसम्मतवाद क्या है?

धर्मविज्ञान के बारे में प्रश्न

इवैन्जेलिकलिज़्म अर्थात् सुसमाचारसम्मतवाद कुछ सीमा तक एक व्यापक शब्द है, जो प्रोटेस्टेंट सम्प्रदाय के भीतर एक आन्दोलन का वर्णन करने के लिए प्रयोग किया जाता है, जिसमें यीशु मसीह के साथ व्यक्तिगत सम्बन्ध रखने के ऊपर बल दिया जाता है। यह सम्बन्ध तब आरम्भ होता है, जब एक व्यक्ति को मसीह की क्षमा प्राप्त होती है और जिसका आत्मिक रूप से नया जन्म होता है। जो लोग इस विश्वास को थाम लेते हैं, उन्हें इवैन्जेलिकल अर्थात् सुसमाचारवादी कहा जाता है।

इवैन्जेलिकलिज़्म अर्थात् सुसमाचारसम्मतवाद यूनानी शब्द ईव्यांगीलिओन से लिया गया है, जिसका अर्थ है "शुभ सन्देश," और ईव्यागोज़ोमाई , जिसका अर्थ है "शुभ सन्देश के रूप में घोषित करना।" शुभ सन्देश यह है कि "पवित्रशास्त्र के वचन के अनुसार यीशु मसीह हमारे पापों के लिये मर गया, और गाड़ा गया, और पवित्रशास्त्र के अनुसार तीसरे दिन जी भी उठा, और कैफा को तब बारहों को दिखाई दिया" (1 कुरिन्थियों 15:3ब-5)। यह शुभ सन्देश, जो मसीह का सुसमाचार है, और इसका प्रचार मसीही विश्वासी पर आधारित था।

सुसमाचार की जड़ें प्रोटेस्टेंट धर्मसुधार में पाई जाती हैं, जिस समय बाइबल को जनता में लाया गया था। अतीत में बाइबल की उपेक्षित सच्चाइयों को फिर से खोजा गया था और उनकी शिक्षा दी गई। यह यूरोप और अमेरिका में

18वीं और 19वीं शताब्दी की बड़ी जागृति के आने तक नहीं हुआ था, यद्यपि, सुसमाचारसम्मतवाद वास्तव में एक आन्दोलन के रूप में प्रगट हुआ था। जैसा कि धर्मसुधार के समय में हुआ, सुसमाचारवादी आन्दोलन और यीशु मसीह के साथ व्यक्तिगत सम्बन्ध रखने के ऊपर इसके ध्यान ने परमेश्वर के वचन की सही तरीके से व्याख्या करने और इसे जीवन के ऊपर लागू करने के प्रति एक नए उत्साह को ले आया। यह वर्तमान के दिन तक आगे बढ़ता रहा, यद्यपि इस शब्द का दुरुपयोग और गलत तरीके से उपयोग किया जाता है।

परम्परागत रूप से, सुसमाचारसम्मतवाद धर्मवैज्ञानिक रूढ़िवादी रूप से रूढ़िवादी रहा है। यद्यपि, यह कम और अत्यधिक कम विशेषता में आ गया है। इस शब्द का वर्तमान निहितार्थ अब वास्तविक रूप से नए जन्म प्राप्त मसीही विश्वासियों तक ही सीमित नहीं है, न ही इसे रूढ़िवादी या कट्टरपंथी माना जाता है। वास्तव में, केवल कुछ ही लोग प्रोटेस्टेंटवाद के साथ ही सुसमाचारसम्मतवाद को उदारवादी या अन्यथा समझाते हैं। दु:ख की बात यह है कि, सुसमाचारसम्मतवाद अब रूढ़िवादी राजनीति के साथ अक्सर तुल्य समझा जाता है। जबकि एक सुसमाचारसम्मतवादी मसीही विश्वासी में मसीही वैश्विक दृष्टिकोण रूढ़िवादी राजनीतिक वाले विचारों का परिणाम देंगे, राजनीति निश्चित रूप से सच्चे सुसमाचारसम्मतवाद का ध्यान केन्द्र नहीं है।

इसलिए, सुसमाचारसम्मतवाद की परिभाषा संसार की दृष्टि में भिन्न पाई जाती है। सुसमाचारसम्मतवाद का सच्चा केन्द्र, यद्यपि, शब्द और कार्य दोनों में सुसमाचार के सन्देश को घोषित करने में है। एक सुसमाचारवादी मसीही विश्वासी के लिए, इस सन्देश और परमेश्वर के प्रेम की सच्चाई को जीने और साझा करने की तुलना में कोई भी और उच्च बुलाहट नहीं हो सकती है।

स्रोत / Source: https://www.gotquestions.org/Hindi/Hindi-evangelicalism.html | English: https://www.gotquestions.org/evangelicalism.html

www.GotQuestions.org · https://www.gotquestions.org/Hindi · © Copyright Got Questions Ministries · questions@gotquestions.org